16

मानसिक अभ्यास

बाएँ से दाएँ

क. साल में इतने दिन।

ग. एक दर्जन में होते जितने।

च. मुझमें जो तुम जोड़ो आठ, बन जाऊँ मैं पूरे साठ।

ज. दो सौ से 36 कम हैं।

ट. 30 से बड़ी 50 से छोटी इकाई से दहाई तीन गुनी।

ठ. फरवरी में इतने दिन होते।

क 3	6	5	■	ग	घ	■
1	■	ख	■	■	च	छ
■	ज		झ	■	■	
ट		■		■	ठ	
■	■	■	ड			■
त	थ	■	■	■	ढ	■
■	द	■	■	ध		

ड. 6 का पहाड़ा 7 बार।

त. 10 रुपये और 5 रुपये, कुल कितने रुपये?

द. बचा नहीं जब एक भी तो कहते।

ध. चार सौ बीस।

ऊपर से नीचे

क. जनवरी में इतने दिन। ख. सत्तर में जोड़ो छः।

घ. 25 रुपये में कितने 1 रुपये।

छ तीन अंक की संख्या है– जिसमें दूसरा अंक दो का दुगना, तीसरा अंक दूसरे का दुगना। झ. इकाई और सैकड़ा बराबर तथा दहाई दो गुनी। ठ. दो दर्जन से चार अधिक। थ. 100 का आधा। ढ. 20 + 2 जितने होते।

➢ **उपर्युक्त में जोड़, घटाना, गुणा एवं भाग का प्रयोग कराते हुए इसे और बढ़ाएँ व कई तरीके से अभ्यास कराएँ।**

तीलियों का खेल

मछली बनाओ–

माचिस की 8 तीलियाँ लो। एक मछली की आकृति इस प्रकार बनाओ। किस ओर को तैर रही है यह मछली ? तीन तीलियाँ उठाकर इस तरह जोड़ो कि यह मछली नीचे की ओर तैरने लगे। कैसे करेंगे। देखो –



इसी तरह तुम भी तीलियों से कोई आकृति बनाओ।

तुम भी करो

दस तीलियों से ऐसी आकृति बनाओ।
आकृति में से 3 तीलियाँ उठाकर ऐसे रखो कि आकृति का शिखर नीचे की ओर हो जाए।



- इसी तरह तुम भी तीलियों से कोई आकृति बनाओ।

➤ बच्चों को समूहों में तीलियाँ देकर पुस्तक के अनुसार गतिविधियाँ कराएँ।

गुड़िया का घर

तुम्हारे पास 3 गुड़ियाँ हैं। रहने के लिए दो घर हैं। कैसे रहेंगी ?
शर्त यह है कि दो गुड़ियाँ ☐ में दो गुड़ियाँ ◯ में।

चित्र को देखो



➤ इसी तरह तुम भी करो –

1. 6 गुड़ियाँ हैं। रहने के लिए दो घर हैं। कैसे रहेंगी ?

क. ☐ में 3 और ◯ में 5

ख. ☐ में 5 और ◯ में 5

ग. ☐ में 4 और ◯ में 4

उत्तर– 1. क. 

ख. 

ग. 

2. यदि 10 गुड़ियाँ हैं तो कैसे रहेंगी ?

क. ☐ में 4 और ◯ में 9

ख. ☐ में 7 और ◯ में 7

ग. ☐ में 6 और ◯ में 6

उत्तर– 2. क.

ख. 

ग.